# दैनिक सामयिकी: २१.०४.२०२१

## 1. श्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना की शुरूआत की




- रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री पीयूष गोयल द्वारा स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (SISFS) की शुरूआत की गई।
- पूरे भारतवर्ष में पात्र इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को बीज का वित्तपोषण प्रदान करने के लिए **945 करोड़** की राशि का विभाजन अगले 4 वर्षों में किया जाएगा।
- इस योजना में 300 इनक्यूबेटर के माध्यम से अनुमानित रूप से 3,600 स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने की संभावना है।
- SISFS योजना, बीज वित्तपोषण, नवाचार प्रोत्साहन, परिवर्तनकारी विचारों का समर्थन, कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने और स्टार्टअप क्रांति की शुरूआत करने की दिशा में महत्वपूर्ण काम करेगी।
- इस योजना के माध्यम से, विशेष रूप से, भारत के द्वि-स्तरीय और त्रि-स्तरीय शहरों में एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा, जो शहर प्रायः आवश्यक धन से वंचित रह जाते हैं।
- सरकार द्वारा **स्टार्टअप इनोवेशन चुनौतियां, राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार, राज्यों की रैंकिंग, SCO स्टार्टअप फोरम और प्रारंभ आदि** जैसी पहलों की शुरूआत की गई है।
- **नोट:** हाल ही में, सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के **एच के मित्तल** की अध्यक्षता में **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के लिए** एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति का गठन किया है।
- स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना की घोषणा **प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 16 जनवरी, 2021** को स्टार्टअप इंडिया पहल के 5 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य को चिह्नित करने के लिए किए आयोजित हुए **'प्रारंभ: स्टार्टअप इंडिया इंटरनेशनल समिट'** के भव्य संबोधन में की गई थी।

## 2. इटली ने भारत में पहला मेगा फूड पार्क और खाद्य प्रसंस्करण इकाई की शुरूआत की

- पायलट प्रोजेक्ट "द मेगा फूड पार्क" को मुंबई में ICE ऑफिस और गुजरात के फनीधर मेगा फूड पार्क के बीच एक लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर करने के साथ लॉन्च किया गया था।

gradeup



- भारत में इटली के राजदूत, विन्सेन्ज़ो डी लुका, और इटली में भारत के राजदूत नीना मालोत्रा लॉन्च का हिस्सा थे।
- **परियोजना का उद्देश्य** दोनों देशों के कृषि और उद्योग के बीच तालमेल बनाना है और इस क्षेत्र में नई और अधिक कुशल प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।
- **नोट: मेगा फूड पार्क** संग्रह केंद्रों और प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्रों के एक नेटवर्क के माध्यम से "कृषि से प्रसंस्करण और फिर उपभोक्ता बाजारों तक सीधा संपर्क" स्थापित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, भारत सरकार की एक योजना है। 42 फूड पार्क की मंजूरी की योजना बनाई गई है।

## 3. औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत 8 चिकित्सा सामानों के लिए नई विनियामकीय व्यवस्था



- केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पूर्व में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत निम्नलिखित चिकित्सा सामानों को अधिसूचित किया था, जो 1 अप्रैल, 2021 (चिकित्सा उपकरण नियम 2017 के तहत) से प्रभावी हो गया था: **सभी प्रत्योरोपित होने वाले चिकित्सा उपकरण; CT स्कैन उपकरण; MRI उपकरण; डेफिब्रिलेटर; PET उपकरण; डायलिसिस मशीन; एक्स-रे मशीन; और बोन मैरो (अस्थि मज्जा) सेल सेपरेटर।**
- इस क्रम में संबंधित आदेश के मुताबिक, आयातकों/ विनिर्माताओं को 1 अप्रैल, 2021 से उक्त उपकरणों के आयात/ विनिर्माण के लिए, जैसी स्थिति हो, केन्द्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण या राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण से आयात/विनिर्माण लाइसेंस लेने की जरूरत है।
- चिकित्सा उपकरण नियम (2017) के तहत अपने विनियमाकीय आदेश के कार्यान्वयन के दौरान निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 6 माह का समय दिया गया।

## 4. 'हेनले पासपोर्ट सूचकांक: Q2 2021 वैश्विक रैंकिंग' में भारत 84 वें स्थान पर




- **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021** ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची जारी की और भारत को इस पर 84 वां स्थान दिया गया है।
- **भारत के पासपोर्ट को 58 का वीजा-मुक्त स्कोर** मिला, जिसका अर्थ है कि भारतीय पासपोर्ट धारक बिना पूर्व वीजा के 58 देशों की यात्रा कर सकते हैं।

  **पहली रैंक-** जापान (वीजा मुक्त स्कोर 193)
  **दूसरी रैंक**- सिंगापुर (192)
  **तीसरी रैंक-** जर्मनी और दक्षिण कोरिया (191)
- **इराक और अफगानिस्तान** क्रमशः 28 और 26 के वीजा-मुक्त स्कोर के साथ सबसे खराब पासपोर्ट वाले देश हैं।

gradeup

## 5. 8 वां भारत- किर्गिज़ संयुक्त विशेष बल अभ्यास `खंजर`






- भारत और किर्गिस्तान के विशेष बलों ने आतंकवाद विरोधी अभ्यास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ **बिश्केक** में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया है।
- `खंजर` नाम के इस अभ्यास का उद्घाटन 16 अप्रैल, 2021 को बिश्केक में किर्गिज़ गणराज्य के नेशनल गार्ड्स के विशेष बल ब्रिगेड में किया गया था।
- यह भारत-किर्गिज़ संयुक्त विशेष बल अभ्यास का आठवां संस्करण है।
- दो सप्ताह तक चलने वाला अभ्यास उच्च ऊंचाई, पहाड़ों और काउंटर-एक्सट्रीमिज़्म पर केंद्रित है।

- **नोट:** भारत और किर्गिस्तान के बीच 2011 से वार्षिक अभ्यास 'खंजर' आयोजित किया जाता है।
- **किर्गिस्तान के बारे में तथ्य:**
  **राजधानी:** बिश्केक
  **राष्ट्रपति:** सदिर जापरोव
  **मुद्रा:** किर्गिज़स्तानी सोम

## 6. भारत और जर्मनी ने 'समुद्री पर्यावरण में प्रवेश कर रहे प्लास्टिक कचरे की समस्या का सामना कर रहे शहरों' के बारे में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए



- आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और जर्मन संघीय पर्यावरण मंत्रालय, प्रकृति संरक्षण और परमाणु सुरक्षा की ओर से डोयशे श्ल्सचैफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसामम्मेनारबीत (GIZ) GmbH इंडिया ने तकनीकी सहयोग के बारे में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका शीर्षक है 'समुद्री पर्यावरण में प्रवेश कर रहे प्लास्टिक कचरे की समस्यार का सामना कर रहे शहरों' है।
- इस परियोजना की परिकल्पना भारत और जर्मनी गणराज्य के बीच **'समुद्री कचरे की रोकथाम'** के क्षेत्र में सहयोग के उद्देश्य से संयुक्त घोषणापत्र की रूपरेखा के तहत 2019 में की गई।
- समुद्री पर्यावरण में प्लास्टिक को रोकने की व्यवस्था बढ़ाने के उद्देश्य से इस परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर, चुनिंदा राज्यों **(उत्तर प्रदेश, केरल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह)** और **कानपुर, कोच्चि और पोर्ट ब्लेयर** शहरों में साढ़े तीन साल की अवधि के लिए चालू किया जाएगा।
- यह परियोजना **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी** के कार्यान्वयन में सहयोग करेगी जिसमें विशेष रूप से नदियों और जल निकायों में प्लास्टिक कचरे का प्रवेश रोका जाएगा।
- **नोट:** यह अनुमान है कि सभी प्लास्टिक का 15-20% नदियों के बहते पानी के रास्ते महासागरों में प्रवेश कर रहा है, जिनमें से 90% योगदान दुनिया की 10 सबसे प्रदूषित नदियां करती हैं। इनमें से दो नदियां गंगा और ब्रह्मपुत्र भारत में स्थित हैं।

## 7. एमिलिया रोमाग्ना F1 ग्रैंड प्रिक्स 2021




- **मैक्स वेरस्टैपेन (रेड बुल)** ने एमिलिया रोमाग्ना F1 ग्रैंड प्रिक्स 2021 जीता जो इटली के इमोला में ऑटोड्रोमो इंटरनजियोनेल एनोज़ो ई डिनो फेराइ सर्किट में आयोजित हुई थी।
- **लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज)** को दूसरा और **लैंडो नोरिस (मैकलारेन)** को तीसरा स्थान मिला।

## 8. रॉबर्टो बेनिग्नी को वेनिस फिल्म समारोह का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया जायेगा



- ऑस्कर विजेता इटालियन निर्देशक-अभिनेता रॉबर्टो बेनिग्नी को **78 वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में** इस साल का **लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए गोल्डन लायन** मिलेगा, जो 1 से 11 सितम्बर तक चलता है।
- निर्देशक को उनके होलाकाउस्ट ड्रामा "लाइफ इज ब्यूटीफुल" के लिए जाना जाता है। 1997 की फिल्म ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म ऑस्कर दिलाया।

## 9. 21 अप्रैल, राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस



- राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल को मनाया जाता है। इसमें (IAS) भारतीय प्रशासनिक सेवाएँ, (IPS) भारतीय पुलिस सेवाएँ, (IFS) भारतीय विदेशी सेवाएँ और साथ ही केंद्रीय समूह A और समूह B सेवाएँ शामिल हैं।
- 21 अप्रैल, 1947 को संसद के गृह सदस्य सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अखिल भारतीय सेवाओं का उद्घाटन किया।
- दिल्ली के मेटकाफ हाउस में अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण स्कूल में अपने भाषण में, उन्होंने सिविल सेवकों को **'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' के** रूप में संदर्भित किया था।
- इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, **लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार** से प्राथमिकता कार्यक्रम और नवाचार श्रेणियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिलों / कार्यान्वयन इकाइयों को सम्मानित किया जाता है।

gradeup